Daily Current Affairs-26/01/2021

1. **भारत की सबसे बड़ी मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए गुजरात ने अदानी पोर्ट्स के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए**

- गुजरात सरकार ने भारत के सबसे बड़े मल्टी-लॉजिस्टिक्स पार्क की स्थापना के लिए भारत के सबसे बड़े पोर्ट्स ऑपरेटर, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन लिमिटेड (APSEZ) के साथ एक समझौता किया।
- सानंद ऑटोमोबाइल हब के पास विरोचन नगर में 1,450 एकड़ में फैला यह पार्क लॉजिस्टिक्स और ट्रांसपोर्ट स्पेस में 50,000 करोड़ के निवेश को आकर्षित करेगा।
- यह पार्क डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और सभी प्रमुख बंदरगाहों से सीधे जुड़ा होगा। पार्क में एक डेडिकेटेड एयर कार्गो कॉम्प्लेक्स होगा।
- **गुजरात के बारे में तथ्य:**

  राजधानी: गांधीनगर

  राज्यपाल: आचार्य देवव्रत

  मुख्यमंत्री: विजय रुपाणी

2. **लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा 26 जनवरी 2021 को भारत पर्व 2021 का उद्घाटन किया जायेगा**

- वार्षिक कार्यक्रम, भारत पर्व का आयोजन एक आभासी मंच पर 26 जनवरी से 31जनवरी 2021 तक किया जा रहा है जिसमें कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मंडप अपने पर्यटन स्थलों, खान-पान के विभिन्न व्यंजनों, हस्तशिल्प और अन्य विशेषताओं का प्रदर्शन करेंगे।
- **नोट:** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार 2016 से प्रत्येक वर्ष 26 जनवरी से 31 जनवरी तक गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर लाल किले की प्राचीर के सामने मौजूद मैदान में भारत पर्व का आयोजित करता है।

3. **BSF ने राजस्थान सीमा पर आपरेशन 'सर्द हवा' की शुरूआत की**



- सीमा सुरक्षा बल (BSF) ने 21 जनवरी को राजस्थान की पश्चिमी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ऑपरेशन 'सर्द हवा' शुरू किया, जिसके तहत क्षेत्र में घने कोहरे के कारण घुसपैठ की घटनाओं की जांच के लिए सतर्कता बरती जाएगी।
- यह ऑपरेशन 27 जनवरी तक एक उद्देश्य के साथ जारी रहेगा कि कोई घुसपैठ न हो।
- गौरतलब है कि BSF गर्मी के मौसम में ऑपरेशन "गरम हवा" और सर्दियों के मौसम में ऑपरेशन "सर्द हवा" एक नियमित अभ्यास के रूप में चलाता है।
- **सीमा सुरक्षा बल (BSF) के बारे में तथ्य:** यह पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ अपनी सीमा पर भारत का प्राथमिक सीमा सुरक्षा संगठन है।

  मुख्यालय: नई दिल्ली

  स्थापना: 1 दिसंबर 1965

  महानिदेशक: राकेश अस्थाना

4. अंडमान सागर में संयुक्त सैन्य अभ्यास

- संयुक्त परिचालन तत्परता को बढ़ाने के लिए, भारतीय सशस्त्र बलों ने एक बड़े पैमाने पर संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास **"KAVACH"** का **"AMPHEX-21"** के साथ अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी में आयोजन किया ।
- यह अभ्यास अंडमान और निकोबार कमान (ANC) के तत्वावधान में सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल की पूर्वी नौसेना कमान (ENC) और सेना की दक्षिणी कमान (SC) की भागीदारी से आयोजित किया गया था।

5. ग्लोबल फायरपावर नेशन इंडेक्स (2021) - सैन्य शक्ति रैंकिंग

- रक्षा विश्लेषिकी वेबसाइट के अनुसार, वैश्विक शक्तियों को संभावित सैन्य ताकत से स्थान दिया गया है।
- नीचे दी गई अंतिम ग्लोबल फायरपावर रैंकिंग **50 से अधिक व्यक्तिगत कारकों** का उपयोग करके किसी राष्ट्र के **पॉवरइंडेक्स ('PwrIndx')** को निर्धारित करने के लिए



उपयोग करती है, जिसमें सैन्य क्षमता और वित्तीय से लेकर सैन्य क्षमता और भूगोल तक की श्रेणियां होती हैं। वर्तमान में ग्लोबल फायरपावर (GFP) की वार्षिक रक्षा समीक्षा के लिए **138 देश** हैं (जो वर्तमान में वर्ष 2021 को कवर करता है) ।

- पहली रैंक- संयुक्त राज्य अमेरिका
- दूसरी रैंक- रूस
- तीसरी रैंक- चीन
- **चौथी रैंक- भारत**
- पांचवीं रैंक- जापान

6. केरल में खोज की गई नई चीटी प्रजातियों का नाम JNCASR के शोधकर्ता, विकासमूलक जीवविज्ञानी प्रोफेसर अमिताभ जोशी के नाम पर रखा गया

- भारत में दुर्लभ चीटी वंश की दो नई प्रजातियों की खोज की गई है। केरल और तमिलनाडु में पाई गई चीटी वंश *उकेरिया* की प्रजातियां इस दुलर्भ वंश की विविधता को बढ़ाती हैं। वे एंटेनल खंडों की संख्या के आधार पर समान वंश से विभिन्न हैं।
- उनमें से एक केरल के पेरियार बाघ अभ्यारण में पाई गई जिसका नाम भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एक स्वायतशासी संस्थान जवाहर लाल नेहरू एडवांस्ड साइंटिफिक रिसर्च सेंटर (JNCASR) के एक प्रख्यात विकासमूलक जीवविज्ञानी प्रोफेसर अमिताभ जोशी के सम्मान में ***उकेरिया जोशी*** रखा गया है।
- दूसरा नाम ***उकेरिया* डेकामरा** है जिसे मदुरै के अलगार्कोइल से खोजा गया।

7. परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली संधि लागू हुई

- परमाणु हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाली पहली संधि (ट्रीटी ऑन द प्रोहिबिशन ऑफ़ न्यूक्लियर वेपन्स-TPNW) लागू हुई, जिसने दुनिया को अपने सबसे घातक हथियारों से छुटकारा दिलाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सराहना की लेकिन दुनिया के परमाणु-सशस्त्र राष्ट्रों ने इसका कड़ा विरोध किया।

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests

- इस संधि को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने जुलाई 2017 में मंजूरी दी थी और 120 से अधिक देशों ने इसे स्वीकृति प्रदान की थी। लेकिन परमाणु हथियारों से लैस या जिनके पास इसके होने की संभावना है, उन नौ देशों--अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, उत्तर कोरिया और इजराइल ने इस संधि का कभी समर्थन नहीं किया और न ही 30 राष्ट्रों के नाटो गठबंधन ने इसका समर्थन किया।

- संधि को 24 अक्टूबर 2020 को 50वां अनुसमर्थन प्राप्त हुआ था और यह 22 जनवरी 2021 से प्रभावी हुआ।

8. न्यायमूर्ति गीता मित्तल को BCCC का अध्यक्ष नियुक्त किया गया

- इंडियन ब्रॉडकॉस्टिंग फाउंडेशन (IBF) के निदेशक मंडल ने जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गीता मित्तल को ब्रॉडकास्टिंग कंटेंट कम्प्लेंट काउंसिल (BCCC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है।

- मित्तल सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश, न्यायमूर्ति विक्रमाजीत सेन, जिनके BCCC चेयरपर्सन के रूप में कार्यकाल समाप्त हो गया है, का स्थान लेंगी।

- जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य करने वाली न्यायमूर्ति गीता मित्तल **BCCC की भी पहली महिला अध्यक्ष** बनी है।

- **BCCC के बारे में:** जून 2011 में स्थापित, BCCC भारत में सभी गैर-समाचार और सामान्य मनोरंजन चैनलों से संबंधित सामग्री-संबंधी शिकायतों की जांच करने के लिए IBF द्वारा गठित स्वतंत्र स्व-नियामक निकाय है।

9. द्वितीय विश्व युद्ध पर आधारित डेनिश फिल्म 'इनटू द डार्कनेस' ने 51वें IFFI में गोल्डन पिकॉक पुरस्कार जीता

- द्वितीय विश्व युद्ध पर आधारित फिल्म 'इनटू द डार्कनेस' (डी फॉरबैंडेड ऑर) जो एक डेनिश इलेक्ट्रॉनिक्स फैक्ट्री मालिक की कहानी को चित्रित करता है, जिसे नाज़ी ताकतों के लिए उत्पादन करने के लिए मजबूर किया जाता है, ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (IFFI) के 51 वें संस्करण में प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक अवार्ड जीता है। यह एंडर्स रेफन द्वारा निर्देशित की गई है।



10. प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार- 2021

- 32 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार-2021 से सम्मानित किया गया है।
- **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के बारे में:** यह, जिसे पूर्व में असाधारण उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के रूप में जाना जाता है, 18 वर्ष से कम आयु के असाधारण उपलब्धि के लिए भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- यह पुरस्कार 1996 में महिला और बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों जैसे कला, संस्कृति, डिजाइन, नवाचार, अनुसंधान, खेल, समाज सेवा और बहादुरी में असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट स्थिति के साथ बच्चों को पहचानने के लिए स्थापित किया गया था।

11. हरिद्वार की किशोरी सृष्टि गोस्वामी एक दिन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बनी

- राष्ट्रीय बालिका दिवस (24 जनवरी) को चिह्नित करने के लिए, हरिद्वार की किशोरी सृष्टि गोस्वामी ने एक दिन के लिए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला।
- 19 वर्षीय गोस्वामी, बीएससी एग्रीकल्चर की छात्रा, जिले के दौलतपुर गांव में रहती है।
- एक दिवसीय मुख्यमंत्री ने राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी गेयरसैन से प्रशासन किया था।
- **नोट:** वह 2018 में उत्तराखंड बाल विधानसभा के मुख्यमंत्री बनी थी। 2019 में, वह लड़कियों के अंतर्राष्ट्रीय नेतृत्व में भाग लेने के लिए थाईलैंड गई।

12. 26 जनवरी, भारतीय गणतंत्र दिवस

- भारत इस वर्ष अपना 72 वां गणतंत्र दिवस मना रहा है।
- **नोट:** भारत का संविधान लागू होने के दिन को चिह्नित करने के लिए 26 जनवरी को भारत का गणतंत्र दिवस मनाया जाता है। भारत का संविधान, जिसे 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था, 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ।



- **फ्लाइट लेफ्टिनेंट भावना कंठ** इस साल गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा होंगी, जो 26 जनवरी को भारत के सबसे बड़े समारोह में हिस्सा लेने वाली पहली महिला फाइटर पायलट बनने वाली हैं।
- इस साल, **राफेल फाइटर** जेट भी पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा।
- **केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की एक झांकी** इस साल पहली बार राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगी।
- पहली बार, 122 सदस्यीय मजबूत टुकड़ी **बांग्लादेश सशस्त्र बल** गणतंत्र दिवस समारोह में भाग लेगी।
- गणतंत्र दिवस, 2021 के अवसर पर, 73 कर्मियों को **अग्निशमन सेवा पदक** से सम्मानित किया गया है।
- इस अवसर पर कुल 946 पुलिस कर्मियों को पदक (**वीरता पदक / सेवा पदक)** से सम्मानित किया गया।
- भारत के राष्ट्रपति ने 40 व्यक्तियों को **जीवन रक्षा पदक श्रृंखला पुरस्कार**- 2020 से सम्मानित करने की स्वीकृति दी है ।

gradeup

Gradeup MP State Exams Green Card Subscription
(MPPSC, MP Jail Prahari etc.)
Get unlimited access to all 45+ mock tests